Title: Re: Need to restore the stoppage of trains at railway stations in Gorakhpur Parliamentary Constituency.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा है, जिससे करोड़ो यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं। भारतीय रेल का श्रद्धेय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में चहुँमुखी विकास हो रहा है, जिससे यात्रियों को काफी सुविधा महसूस हो रही है। आज यात्रियों को वर्ल्ड क्लास रेल यात्रा की अनुभूति हो रही है, जिसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय रेल मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए निवेदन करना चाहता हूँ कि आपदा काल कोरोना में देश में सभी ट्रेनों का संचालन निरस्त कर दिया गया था, बाद में ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू हो गया। परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कुछ ट्रेनों का ठहराव निरस्त कर दिया गया है जहां पूर्व समय से ठहराव चलता आ रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र में कुछ और भी महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव जनहित में अतिआवश्यक है, जिसमें सहजनवां रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या एक्स. 15007/15008 गोरखनाथ एक्स., 19038/19037, अवध एक्स, 22537/22538, कुशीनगर एक्स, 11124/11123, बरौनी ग्वालियर एक्स., 15273/15274, सत्याग्रह एक्स. शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पी0पी0 गंज और कैम्पियरगंज में गाड़ी संख्या 18201/18202, 18205/18206, 15065/15067 एवं 15066/15068 का ठहराव जनहित में अतिआवश्यक है। अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि उपरोक्त ट्रेनों का ठहराव मेरे संसदीय क्षेत्र के उल्लिखित स्टेशनों पर सुनिश्चित करने की कृपा करें जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र के यात्रियों को रेल सुविधा का समुचित लाभ मिल सके।